रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33002/99 REGD. No. D. L.-33002/99

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

दिल्ली राजपत्र
Delhi Gazette

एस.जी.-डी.एल.-अ.-22122020-223863
SG-DL-E-22122020-223863

असाधारण
EXTRAORDINARY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | | |
|---|---|---|
| सं. 276] | दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 21, 2020/अग्रहायण 30, 1942 | [रा.रा.रा.क्षे.दि.सं.231 |
| No. 276] | DELHI, MONDAY, DECEMBER 21, 2020/AGRAHAYANA 30, 1942 | [N. C. T.D . No.231 |

भाग IV
PART IV

## राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार
## GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

### वित्त (राजस्व–I) विभाग

### अधिसूचना

दिल्ली, 21 दिसम्बर, 2020

**संख्या 30/2020–राज्य कर**

**सं.फा. 03(64)/वित्त (राजस्व–I)/2020–21/डीएस–IV/237.**—राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल, दिल्ली माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 03) की धारा 164 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर, दिल्ली माल और सेवा कर नियम, 2017 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम दिल्ली माल और सेवा कर (चौथा संशोधन) नियम, 2020 है ।

(2) इन नियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, ये 3 अप्रैल, 2020 से लागू होंगे।

2. दिल्ली माल और सेवा कर नियम, 2017 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के नियम 3 के उपनियम (3) में, 31 मार्च, 2020 से, निम्नलिखित परन्तुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"परंतु कोई पंजीकृत व्यक्ति, जो वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए धारा 10 के अधीन कर संदाय करने का विकल्प लेता है, प्रत्यक्ष रूप से या आयुक्त द्वारा अधिसूचित सुविधा केंद्र के माध्यम से सामान्य पोर्टल पर सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित या इलेक्ट्रॉनिक सत्यापन कोड के माध्यम से सत्यापित प्ररूप जीएसटी सीएमपी–02 में सूचना को जून, 2020 के 30वें दिन या उससे पूर्व तक फाइल करेगा और नियम 44 के उपनियम (4) के उपबंधों के अनुसार प्ररूप जीएसटी आईटीसी–3 में विवरण जुलाई, 2020 के 31वें दिन तक प्रस्तुत करेगा ।"।

3. उक्त नियमों के, नियम 36 के उप–नियम (4) में, निम्नलिखित परन्तुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् : –

"परंतु कि उक्त शर्त फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई और अगस्त, 2020 के महीनों के लिए संचयी रूप से लागू होगी और सितंबर, 2020 की कर अवधि के लिए प्ररूप जीएसटीआर–3ख की विवरणी, उक्त महीनों के इनपुट कर प्रत्यय का उपर्युक्त शर्तों के अनुसार संचयी रूप से समायोजन करके प्रस्तुत की जाएगी ।"।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल
के आदेश से तथा उनके नाम पर

मनोज कुमार, उप सचिव– IV (वित्त)

**टिप्पण**:–मूल नियम अधिसूचना सं. 03/2017–राज्य कर, तारीख 22 जून, 2017 द्वारा दिल्ली के राजपत्र, असाधारण, भाग–IV में सं0फा0 03(10)/वित्त (राजस्व–I)/2020–21/डीएस–VI/342, तारीख 22 जून, 2017 द्वारा प्रकाशित किए गए थे तथा सं0फा0 03(27)/वित्त (राजस्व–I)/2020–21/डीएस–IV/129, तारीख 23 अक्टूबर, 2020 द्वारा प्रकाशित अधिसूचना सं. 16/2020–राज्य कर, तारीख 23 अक्टूबर, 2020 द्वारा उनका अंतिम संशोधन किया गया था ।

**FINANCE (REVENUE-I) DEPARTMENT**

**NOTIFICATION**

Delhi, the 21th December, 2020

**No. 30/2020– State Tax**

**No. F.3(64)/Fin.(Rev-I)/2020-21/DS-IV/237.—**In exercise of the powers conferred by section 164 of the Delhi Goods and Services Tax Act, 2017 (03 of 2017), the Lt. Governor of National Capital Territory of Delhi, on the recommendations of the Council, hereby makes the following rules further to amend the Delhi Goods and Services Tax Rules, 2017, namely:-

1. (1) These rules may be called the Delhi Goods and Services Tax (Fourth Amendment) Rules, 2020.

(2) Save as otherwise provided, they shall come into force with effect from 3rd April, 2020.

2. In the Delhi Goods and Services Tax Rules, 2017 (hereinafter referred to as the said rules), with effect from the 31st March, 2020, in sub-rule (3) of rule 3, the following proviso shall be inserted, namely:-

"Provided that any registered person who opts to pay tax under section 10 for the financial year 2020-21 shall electronically file an intimation in **FORM GST CMP-02**, duly signed or verified through electronic verification code, on the common portal, either directly or through a Facilitation Centre notified by the Commissioner, on or before 30th day of June, 2020 and shall furnish the statement in **FORM GST ITC-03** in accordance with the provisions of sub-rule (4) of rule 44 upto the 31st day of July, 2020.".

3. In the said rules, in sub-rule (4) of rule 36, the following proviso shall be inserted, namely:-

"Provided that the said condition shall apply cumulatively for the period February, March, April, May, June, July and August, 2020 and the return in **FORM GSTR-3B** for the tax period September, 2020 shall be furnished with the cumulative adjustment of input tax credit for the said months in accordance with the condition above.".

By Order and in the Name of the

Lt. Governor of the National Capital Territory of Delhi,

MANOJ KUMAR, Dy. Secy. IV (Finance)

**Note:—**The principal rules were published in the Delhi Gazette, Extraordinary, Part IV, *vide* notification dated the 22nd June, 2017, published *vide* No. F.3 (10)/Fin (Rev-I)/2017-18/DS-VI/342, dated the 22nd June, 2017 and last amended vide notification No. 16/2020 - State Tax, dated the 23rd October, 2020 published vide No.F3(27)/Fin(Rev-I)/2020-21/DS-IV/129, dated the 23rd October, 2020.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.
MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2020.12.22 21:50:36 +05'30'